



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## फ़रवरी–2022

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## गणतन्त्र दिवस–2022 कार्यक्रम





- दिनांक 26.01.2022 : 73वें गणतन्त्र दिवस पर श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर पुलिस रेडियो मुख्यालय पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ''तिरंगा'' फहराया गया। इस अवसर पर भारत सरकार एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीकृत किये गये विभिन्न पदकों के वितरण के साथ अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा स्वीकृत नकद पुरस्कारों का वितरण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित सम्बोधन में गणतन्त्र दिवस को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्मनिरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र को मजबूत करने वाला राष्ट्रीय पर्व बताया तथा सभी कार्मिकों को 73वें गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। श्री गुप्ता ने उल्लेख किया कि हमारा गणतन्त्र, आजादी की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अनेक देशभक्तों के आदर्श जीवन–मूल्यों पर आधारित है। व्यक्ति की गरिमा, विश्व बंधुत्व, सर्वधर्म–समभाव, धर्मनिरपेक्षता भारतीय गणतन्त्र के मूलतत्व हैं। अनेकता में एकता भारतीय गणतन्त्र का अनूठा उदाहरण है। श्री गुप्ता ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को सौंपे गये कार्यों को पूरे मनोयोग से सम्पादित करने तथा राष्ट्र और समाज को मजबूत एवं सामर्थ्यवान बनाने में मदद करने का आवाहन किया। साथ ही गणतन्त्र की मूल अवधारणा के अनुसार देश व समाज के निर्माण के लिये आवश्यक सद्भावना, मेल–जोल, एक दूसरे के धर्म का आदर करने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने को प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बताया।

श्री गुप्ता ने अपने तथा देश के सुखी भविष्य के लिए स्वच्छ पर्यावरण हेतु योगदान देने, साक्षरता को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सामाजिक सामंजस्य से ओतप्रोत जन सहभागी समाज हेतु व्यापक चेतना विकसित करने पर भी बल दिया।

श्री गुप्ता ने भारतीय नागरिक के रुप में राष्ट्र को आर्थिक मजबूती प्रदान करने वाले प्रयासों में भागीदारी व विश्व पटल पर राष्ट्र की आत्मनिर्भरता की दिशा में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का उल्लेख किया। साथ ही समाज के सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण एवं सर्वांगीण विकास हेतु बहुउद्देश्यीय योजनाओं से लाभ उठाने हेतु वंचित एवं आर्थिक रुप से विपन्न जनमानस का मार्गदर्शन करने तथा जन–जातियों के विकास, पर्यावरण सन्तुलन, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा, समाज कल्याण, 'महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण', खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, शिक्षा को प्रोत्साहन, असहाय एवं वृद्धों के कल्याण, जैसे अनेक विकासपरक एवं कल्याणकारी कार्यों का लाभ समाज के वंचित व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु जागृत होने का भी उल्लेख किया।

कोरोना संक्रमण के ओमीक्रॉन वैरियेण्ट के परिपेक्ष्य में अधिकतम सावधानी बरतने, वैक्सीन की बूस्टर डोज़ लगवाने व अपने परिवार के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने हेतु कार्मिकों का आवाहन किया। श्री गुप्ता ने विभिन्न पदक विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में शासन के निर्देशों का पालन किया गया।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

# गणतन्त्र दिवस-2021 पर घोषित पदक/पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक

## विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक


श्री सुशील कुमार पाण्डेय, सहायक रेडियो अधिकारी


श्री मिश्री लाल शुक्ला, सहायक रेडियो अधिकारी

## सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक


श्री विनोद कुमार शुक्ला, सहायक रेडियो अधिकारी


श्री पी0के0 दुबे, सहायक रेडियो अधिकारी


श्री तारा चन्द्र पन्त, रेडियो निरीक्षक


श्री रामेश्वर वर्मा, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री बालेन्द्र भूषण सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक

## उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह


श्री पन्ना लाल यादव, रेडियो निरीक्षक

## सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह


श्री राम औतार, रेडियो निरीक्षक


श्री आफताब अहमद, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री रामेश्वर वर्मा, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री भवानी शंकर पन्त, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री घनश्याम, मुख्य आरक्षी चालक

## प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह


श्री बालेन्द्र भूषण सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री रवीन्द्र सिंह चौहान, रेडियो उपनिरीक्षक

## गोल्ड प्रशंसा चिन्ह


श्री श्रीनिवास पाण्डेय, रेडियो उपनिरीक्षक

## सिल्वर प्रशंसा चिन्ह


श्री बाल मुकुन्द शुक्ला, रेडियो उपनिरीक्षक


श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय, निरीक्षक, लेखा

# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभागीय वार्षिक दक्षता प्रतियोगिता-2021 के विजेता

## सी0डब्ल्यू0 / रेडियो टेलीफोनी


रे.उ.नि., निरंजन सिंह, प्रथम | रे.उ.नि., गंगा विष्णु, द्वितीय | रे.उ.नि., ओंकार सिंह, तृतीय | प्र.परि., आर.के. पाण्डेय, प्रथम | रे.उ.नि., राजीव कुमार, द्वितीय | प्र.परि., स्मिता केसरी, तृतीय

## साईफर / कम्प्यूटर


रे.उ.नि., यादवेन्द्र सिंह, प्रथम | प्र.परि., अशोक कुमार, द्वितीय | प्र.परि., के.पी. सिंह, तृतीय | प्र.परि., ए.के. सिंह, प्रथम | प्र.परि., दीपक पाल, द्वितीय | प्र.परि.,गोपेन्द्र कुमार, तृतीय

## अनुरक्षण कार्य / स्टोर कीपिंग एवं ऑफिस मैनेजमेण्ट


प्र.परि.यॉ., ए.के. वर्मा, प्रथम | रे.उ.नि., एस.सी. मौर्य, द्वितीय | प्र.प.यॉ., एस.एन. प्रसाद, तृतीय | प्र.परि., अर्चना देवी, प्रथम | रे.उ.नि., आर.बी. सिंह, द्वितीय | प्र.परि.,प्रियंका श्रीवास्तव, तृतीय

## पुलिस रेडियो मेल / आर0ओ0आई0पी0 कार्य


प्र.परि., सपना सिंह, प्रथम | प्र.परि., रमा द्विवेदी, द्वितीय | रे.उ.नि., एल.पी. गुप्ता, तृतीय | प्र.परि., कविता सिंह, प्रथम | रे.उ.नि., आर.बी. सिंह, द्वितीय | प्र.परि., पी.पी. सिंह, तृतीय

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा प्रादेशिक विभागीय वार्षिक दक्षता प्रतियोगिताओं के उक्त 24 विजेता कार्मिकों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रत्येक कार्मिक को क्रमशः रु0 5,000.00, 4,000.00 एवं 3,000.00 (कुल रु0 96,000.00) के नकद पुरस्कार स्वीकृत किये गये।

## सराहनीय कार्य

● निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 02.01.2022 | मेरठ |
| मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार | |
| 29.01.2022 | मुजफ्फरनगर |
| 27.01.2022 | मथुरा |
| 22.01.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 03.01.2022 | वाराणसी |
| 02.01.2022 | मेरठ |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 30.01.2022 | बुलन्दशहर |
| 29.01.2022 | बागपत |
| 28.01.2022 | मेरठ |
| 23.01.2022 | गाजियाबाद |
| 22.01.2022 | अलीगढ़, बुलन्दशहर |
| 19.01.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| 13–15.01.2022 | गोरखपुर |
| 07.01.2022 | गोरखपुर |
| 06.01.2022 | गोरखपुर, वाराणसी |
| 04.01.2022 | सहारनपुर, अलीगढ़ |

## पदोन्नति

● उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ के आदेश संख्याः पी–755/2021 दिनांकः 01.01.2022 द्वारा निम्न 16 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉन्त्रिक) को उ0प्र0 पुलिस रेडियो अधीनस्थ सेवा नियमावली–2015 (यथासंशोधित) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उनके वर्तमान नियुक्ति जनपद/इकाई में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से रेडियो उपनिरीक्षक पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल–7 में पदोन्नति प्रदान की गयी है–

1. 1343 बलबीर सिंह सूर्यवंशी, रेडियो मुख्यालय, 2. 1679 तुलसी राम, प्रयागराज, 3. 1345 ओमवीर सिंह मलिक, गाज़ियाबाद, 4. 1614 मुकेश कुमार, हापुड़, 5. 1643 फतेह बहादुर सिंह, वाराणसी, 6. 1113 संजय कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ, 7. 646 रवीन्द्र बहादुर सिंह, रेडियो मुख्यालय, 8. 867 मनोज कुमार सिंह, देवरिया, 9. 1147 पवन सिंह, गौतमबुद्धनगर, 10. 162 नरेन्द्र कुमार, फतेहगढ़, 11. 978 अनिल कुमार, सोनभद्र, 12. 764 भगीरथ सिंह, सोनभद्र, 13. 1158 विपिन कुमार त्यागी, हापुड़, 14. 674 अशोक कुमार सोनी, हरदोई, 15. 1083 चन्द्र कान्त शुक्ल, लखनऊ एवं 16. 928 राकेश चन्द्र, मिर्जापुर।

## कल्याणकारी कार्य

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में दिसम्बर–2021 में 121 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

● उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जनवरी–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 23 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री मिश्री लाल शुक्ला, अयोध्या, 2. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री प्रमोद कुमार दुबे, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो निरीक्षक, श्री शिव कुमार राव, इटावा, 4. रेडियो निरीक्षक, श्री बृजेश कुमार, हाथरस, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय, जौनपुर, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कमलेश कुमार त्रिपाठी, कौशाम्बी, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री आफताब अहमद, वाराणसी, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सरुर अब्बास, मेरठ, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अखिलेश कुमार, कानपुर नगर, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पीताम्बर प्रसाद जोशी, महराजगंज, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री इन्दु प्रकाश राय, जौनपुर, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गोपाल पाण्डेय, वाराणसी, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सैय्यद अनवारुल हसन नकवी, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश चन्द्र वर्मा, लखनऊ, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश पाल सिंह, बरेली, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुखबीर सिंह भारद्वाज, मथुरा, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ब्रजेश कुमार त्रिवेदी, पीलीभीत, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश चन्द्र राठौर, मैनपुरी, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बालेन्द्र भूषण सिंह, 10वीं वाहिनी पीएसी, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अतुल कुमार जायसवाल, बाराबंकी, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सिवगतुल्लाह, बाराबंकी, 22. सहायक परिचालक/4712 श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय एवं 23. सन्देशवाहक, श्री राजेन्द्र कुमार, सीतापुर।

## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

● कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपायः पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

● दिनांक 11.01.2022ः 2019 एवं 2020 बैच के सीधी भर्ती के 10 आईपीएस प्रशिक्षुओं को मुख्यालय का भ्रमण कराकर आवश्यक जानकारियाँ दी गयीं।

● पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 29.01.2022 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

● प्रधान परिचालक से रेडियो उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त रेडियो उपनिरीक्षकों को रेडियो उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति के बाद इनके कार्य एवं दायित्वों के गुणवत्तापूर्ण निर्वहन हेत अल्प अवधि के विशेष प्रशिक्षण दिनांक 03.01.2022 से रेडियो मुख्यालय पर प्रारम्भ कराये गये। 02 बैच में सम्पन्न प्रशिक्षण में 104 रेडियो उप निरीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ

● दिनांक 25.01.2022ः राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रशिक्षण केन्द्र में रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों द्वारा निम्न शपथ ग्रहण की गयी–


ELECTION COMMISSION OF INDIA

Pledge For National Voters' Day, 25th January 2019

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"

"We, the citizens of India, having abiding faith in democracy, hereby pledge to uphold the democratic traditions of our country and the dignity of free, fair and peaceful elections, and to vote in every election fearlessly and without being influenced by considerations of religion, race, caste, community, language or any inducement"

## श्रद्धांजलि

● माह जनवरी–2022 में यूपी 112 में नियुक्त प्रधान परिचालक/श्री श्याम लाल का दिनांक 14.01.2022 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री श्याम लाल के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय तथा पीएसी मुख्यालय द्वारा वर्ष 2021 में सम्पन्न कार्यों का संख्यात्मक विवरण

| क्र. | शाखा का नाम | प्रेषित/प्राप्त संचार सन्देश | | | | | | | | | | मरम्मत कराये गये उपकरणों की संख्या | प्रोग्रामिंग कराये गये उपकरणों की संख्या | अधिष्ठापित एण्टीना की संख्या | वीआईपी ड्यूटी | | अन्य विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एचएफ | | वीएचएफ | | क्यू–मेल | | रेडियो मेल | | पोलनेट | | | | | | | | |
| | | सन्देशों की संख्या | ग्रुप की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप की संख्या | | | | ड्यूटी की संख्या | वितरित अतिरिक्त उपकरणों की संख्या | सीसीटीवी अधिष्ठापन | ड्रोन परिचालन |
| 1 | रेडियो मुख्यालय | 282564 | 48689536 | 375467 | 142313306 | 41905 | 8779859 | 1444628 | 503708480 | 236755 | 49934239 | – | – | – | – | – | – | – |
| 2 | पीएसी मुख्यालय | 3166 | 260512 | – | – | – | – | – | – | – | – | 52 | – | – | 01 | – | – | – |
| 3 | केन्द्रीय कर्मशाला | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 5717 | 22722 | – | – | – | – | – |

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग-5)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

- सन् 1963 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, श्री जवाहरलाल नेहरु का उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आगमन हुआ।



- श्री जवाहरलाल नेहरु द्वारा दिनांकः जनवरी 06, 1963 को उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संचार केन्द्र तथा इलेक्ट्रानिक अन्वेषणशाला का उद्घाटन किया गया जिसके सम्बन्ध में निम्न शिलालेख उपलब्ध है–




- श्री जवाहरलाल नेहरु द्वारा आगन्तुक पुस्तिका में निम्न अविस्मरणीय लेख भी अंकित किया गया–

"I have just been taken round this Radio establishment and I have been much impressed by its thoroughness and ef ciency. I must congratulate Sri Joshi and his co-workers for the very good work that they have done.

Dated: 06.01.196 sd/- Jawahar Lal Nehru"




**श्री जवाहर लाल नेहरू जी के हस्तलेख में की गयी टिप्पणी**

- सन् 1965 में तत्कालीन गृह सचिव, भारत सरकार के सायं 1900 बजे श्री जोशी से दूरभाष पर कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठ की सम्भावना के दृष्टिगत श्रीनगर में वायरलेस केन्द्रों की उपलब्धता कराने के आग्रह पर मोबाइल डिवीज़न के सदस्यों को सायं 2100 बजे रेल द्वारा दिल्ली भेजा गया, जहाँ से वे वायुयान द्वारा श्रीनगर भेजे गये। सदस्यों ने श्रीनगर से प्रातः 1100 बजे जैसे ही पहला वायरलेस सन्देश भेजा कि वायरलेस केन्द्र स्थापित किया जा रहा है, पाकिस्तानी युद्धक विमानों ने श्रीनगर एयरोड्रम पर बम बरसा दिये।

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।